कोतवाली भिनगा का निरीक्षण किया

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली भिनगा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच की। साथ ही उन्होंने अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह सोमवार को कोतवाली भिनगा का निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान सम्मान गार्द की ओर से सलामी दी गई। एसपी ने सबसे पहले थाना कार्यालय में रजिस्टर नंबर आठ, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, बीपीओ रजिस्टर, शस्त्र सत्यापन, आर्डर बुक प्रार्थना पत्र, आर्डर बुक न्यायालय आदि की बारीकी से जांच की। परिसर में खड़े लावारिस तथा मुकदमाती वाहनों का आपरेशन क्लीन अभियान के तहत निस्तारण के लिए एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

एसपी ने किया भिनगा कोतवाली का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली का सोमवार को एसपी ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने परिसर में पौधरोपण करने के साथ ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक की। ग्राम प्रहरियों को अंग वस्त्र भी भेंट किए।

भिनगा कोतवाली पहुंचीं एसपी प्राची सिंह ने थाना कार्यालय, रजिस्टर नंबर आठ, अपराध रजिस्टर, एक्टिव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, बीपीओ रजिस्टर, शस्त्र सत्यापन, ऑर्डर बुक प्रार्थना पत्र, ऑर्डर बुक न्यायालय सहित त्योहार रजिस्टर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने वहां खड़े लावारिस व मुकदमाती वाहनों का निरीक्षण कर ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, बंदी गृह, मालखाना, आरक्षी बैरक, भोजनालय का भी निरीक्षण किया।

इसके बाद उन्होंने बीट पुलिस अधिकारियों व ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक की। इस दौरान पांच ग्राम प्रहरियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण करतीं एसपी। -संवाद

वजीरगंज (गोंडा)। पुलिस ने मारपीट के आरोपी संदीप सोनी निवासी ग्राम दुर्जनपुर घाट को सोमवार को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि संदीप के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानतीय वारंट जारी हुआ था। तभी से उसकी तलाश की जा रही थी।